Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to declare Ajmer - Chandigarh highway or Kishangarh-Hanumangarh Mega Highway as National Highway-laid.

श्री भागीरथ चौधरी (**अजमेर**): किशनगढ़, अजमेर से हनुमानगढ़ के मध्य दो लेन के 406 किमी मेगा हाइवे का संचालन वर्ष 2008 से रिडकोर द्वारा हो रहा है जहां प्रतिदिन 20-22 हजार की संख्या में 24 घंटे भारी वाहनो की निरंतर आवाजाही बनी रहती है उक्त मेगाहाईवे पर ट्रैफिक का भारी दबाव होने से गंभीर दुर्घटनाएं ,जनहानि होने के साथ ही आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्याएं हो रही है । वर्तमान परिपेक्ष्य और तीव्र औद्योगिक विकास को दृष्टिगत लगते हुए उक्त मेगाहाइवे को अब राष्ट्रीय राजमार्ग रूप में विकसित किये जाने की महत्ती आवश्यकता है । हालाकि केंद्र सरकार ने भारतमाला योजना के तहत वर्ष 2017-18 में अजमेर-चंडीगढ़ वाया किशनगढ-डीडवाना-रतनगढ-हनुमानगढ़ के 500 किमी सडकमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में निर्मित कराने की घोषणा भी माननीय केंद्रीय सड़कमंत्री जी द्वारा की गई जिसकी डीपीआर भी वर्ष 2018-19 में तैयार हो चुकी है लेकिन इसे मूर्तरुप नहीं मिला है जबकि उक्त मेगा हाइवे को फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग में विकसित किया जाता है तो पूर्व में भूमि अधिग्रहित होने से मुआवजा भी कम देना पड़ेगा और इससे पूर्वी राजस्थान और पंजाब का गुजरात एवं मध्यप्रदेश से सीधा जुड़ाव हो जाएगा । अतः सरकार उक्त भारतमाला घोषणा अंतर्गत प्रस्तावित अजमेर-चंडीगढ़ तक 500 किलोमीटर हाइवे अथवा किशनगढ़-हनुमानगढ़ तक संचालित 406 किलोमीटर मेगाहाइवे को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित कर आगामी बजट वर्ष 2022-23 की विभागीय कार्य योजना में सम्मिलित कर मूर्तरुप प्रदान करावे ।